INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VI (2nd lang.)	**Department: Hindi**	
Worksheet No: 4	Topic: Paragraph Worksheet	Note: Pl. file in portfolio

प्रश्न – निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर दीजिए :-

बहुत पहले की बात है एक शिल्पकार मूर्ति बनाने के लिए जंगल में पत्थर ढूँढने गया।वहाँ उसको एक बहुत ही अच्छा पत्थर मिल गया।जिसको देखकर वह बहुत खुश हुआ और उसने सोचा- यह मूर्ति बनाने के लिए बहुत ही सही है।जब वह आ रहा था तो उसको एक और पत्थर मिला उसने उस पत्थर को भी अपने साथ ले लिया। घर जाकर उसने पत्थर को उठा कर अपने औज़ारों से उस की मूर्ति बनानी शुरू कर दी।औजारों की चोट जब पत्थर पर हुई तो वह पत्थर बोलने लगा"मुझको छोड़ दो इससे मुझे बहुत दर्द हो रहा है।अगर तुम मुझ पर चोट करोगे तो,मैं बिखर कर अलग हो जाऊँगा।तुम किसी और पत्थर की मूर्ति बना लो।"

पत्थर की बात सुनकर शिल्पकार को दया आ गयी। उसने उस पत्थर को छोड़ दिया और दूसरे पत्थर को लेकर मूर्ति बनाने लगा। वह पत्थर कुछ नहीं बोला। कुछ समय में शिल्पकार ने उस दूसरे पत्थर से बहुत अच्छी मूर्ति बना दी। गाँव के लोग मूर्ति बनने के बाद जब उसको लेने आए तो उन्होंने कहा, "हमें नारियल फोड़ने के लिए एक और पत्थर की जरुरत होगी , यहाँ रखे इस पत्थर को भी हमें दे दीजिए।" और अपने साथ वे पहला पत्थर भी ले गए। मूर्ति को ले जाकर उन्होंने मंदिर में सजा दिया और उसके सामने उसी पत्थर को रख दिया।

जब भी कोई व्यक्ति मंदिर में दर्शन करने आता तो मूर्ति को फूलों से पूजा करता, दूध से स्नान कराता और उस पत्थर पर नारियल फोड़ता था। जब लोग उस पत्थर पर नारियल फोड़ते तो बहुत परेशान होता।उसको दर्द होता और वह चिल्लाता लेकिन कोई उसकी सुनने वाला नहीं था ।पहले पत्थर ने मूर्ति बने पत्थर से कहा कि तुम तो बड़े मजे से हो लोग तो तुम्हारी पूजा करते है। तुमको दूध से स्नान कराते है और लड्डुओं का प्रसाद चढ़ाते है। लेकिन मेरी तो किस्मत ही ख़राब है मुझ पर लोग नारियल फोड़ कर जाते है। इस पर मूर्ति बने पत्थर ने कहा कि जब शिल्पकार तुम्हारी मूर्ति बनाने लगा था यदि तुम उस समय उसको नहीं रोकते तो आज मेरी जगह तुम होते।

लेकिन तुमने आसान रास्ता चुना इसलिए अभी तुम दुःख उठा रहे हो। उस पत्थर को मूर्ति बने पत्थर की बात समझ आ गयी थी। उसने कहा की अब से मै भी कोई शिकायत नहीं करूँगा।

प्रश्न -1-शिल्पकार जंगल में क्यों गया था?

प्रश्न -2- जब पहले पत्थर पर औजारों की चोट हुई तो वह क्या बोलने लगा ?

प्रश्न -3-पत्थर की बात सुनकर शिल्पकार ने क्या किया ?

प्रश्न -4- मूर्ति बनने के बाद गाँव के लोग जब उसे लेने आए तब उन्होंने क्या कहा था ?

प्रश्न-5- जब भी कोई व्यक्ति मंदिर में दर्शन करने आता तो वह क्या करता था ?

प्रश्न - 6 -पहले पत्थर ने मूर्ति बने पत्थर से क्या कहा ?

प्रश्न -7- गद्यांश में से ढूँढकर निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए -

1 उदास - ---------------- 2 बुरा - ----------------

3 कठिन - ---------------- 4 सुख - ----------------

****